SLCM GROUP IN NEWS:

Publication	Date	Edition	Page No
Shah Times	March 25, 2025	Haldwani	7

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C
76,984.38
23,658.35
91,670
1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 25 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 214 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुरादाबाद, रुद्रपुर, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

साईं संस्कार फाउंडेशन एवं एसएलसीएम ग्रुप ने का विद्यालय को दी फिजिक्स लैब एवं स्टेशनरी

शाह टाइम्स संवाददाता

देवीधुरा। ध्यातव्य है कि देश की राजधानी दिल्ली स्थित गैर सरकारी संगठन साईं संस्कार फाउंडेशन एवं एसएलसीएम ग्रुप के संयुक्त सौजन्य से उत्तराखंड के सुदूर स्थित पिछड़े क्षेत्र के विद्यालयों में प्रतिवर्ष यहां के प्रतिभाओं को तरह-तरह से प्रोत्साहित किया जाता रहा है, जिसके लिए यह दोनों संगठन ख्याति प्राप्त हैं।

सोमवार को चंपावत की सीमा पर स्थित दूरस्थ क्षेत्र देवीधुरा के योगेश जोशी मेमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल देवीधुरा को साईं संस्कार फाउंडेशन के को- फाउंडर तुषार मदान एवं एसएलसीएम ग्रुप के सीईओ संदीप सभरवाल के प्रतिनिधि जया के संयुक्त प्रयासों से विद्यालय को फिजिक्स लैब उपकरण एवं बच्चों को स्टेशनरी देकर नये सत्र में उनकी उत्तम शिक्षा के लिए बच्चों को उपहार प्रदान किया गया। इससे पूर्व में साईं संस्कार फाउंडेशन के को

-फाउंडर तुषार मदान के द्वारा विद्यालय को समय-समय पर बच्चों के लिए जूते, पुस्तकालय के लिए पुस्तकें और स्टेशनरी प्रदान की है। सोमवार को साईं संस्कार फाउंडेशन के को-फाउंडर तुषार मदन एवं एसएलसीएम ग्रुप के प्रतिनिधि जया ने स्वयं विद्यालय में उपस्थित होकर फिजिक्स लैब का उद्घाटन किया। दोनों दानदाताओं को अपने बीच पाकर बच्चों ने अपने पूर्ण भाव के साथ मेहमानों का गर्म जोशी से स्वागत करते हुए स्व निर्मित बुके और कक्षा-8 के छात्र इधांत जोशी ने स्वरचित कविता का पाठ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी द्वारा दोनों अतिथियों का माल्यार्पण कर उन्हें साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तुषार मदान ने अपने सम्बोधन में कहा कि भविष्य में भी बच्चों के पठन-पाठन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण गीता जोशी, नंदी जोशी, रेनू, ममता, मंजू, जानकी, रणजीत सिंह कार्की, प्रमोद कुमार, रोहित चंद्र जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कृष्ण चंद्र ने किया।